कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा।
वन भवन, चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम, झारखण्ड–833201
Ph. 06582-256366, Mob. – 8987790364, E-mail:- sarandadfo@gmail.com, dfosaranda@jharkhandmail.gov.in

जहाँ है हरियाली । वहाँ है खुशहाली ।

पत्रांक :– MIN/MIOM/16/2019 2419 दिनांक:– 11.11.2024

सेवा में,

महाप्रबंधक(खान),
मेसर्स सेल,
मनोहरपुर लौह अयस्क खान परियोजना,चिरिया।

विषय :– मेसर्स सेल के मनोहरपुर लौह अयस्क खान, चिरिया ग्रुप के खनन पट्टो के सैद्धान्तिक अपयोजन स्वीकृति क्षेत्र 595.075 हे0 से खनिज निकासी/परिवहन के लिए समर्पित Closed Conveyor System के लिए प्रस्तावित क्षेत्र 14.88 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :–
1. वन विभागीय ज्ञापांक 2827 दिनांक 25.07.2023 तदानुसार अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सिंहभूम रीजन जमशेदपुर का ज्ञापांक 1564 दिनांक 22.08.2023
2. इस कार्यालय का पत्रांक 1704 दिनांक 05.09.2023 एवं वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चाईबासा का पत्रांक 1727 दिनांक 30.10.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र से वन विभाग द्वारा मनोहरपुर लौह अयस्क खान परियोजना, चिरिया के खनन पट्‌टो के लीज नवीकरण की स्थिति से संबंधित जानकारी की मांग की गई थी। उक्त के आलोक में परिवेश पोर्टल के माध्यम से दिनांक 13.10.2023 को आपके द्वारा वांछित सूचना प्रतिवेदित है। उंत पोर्टल पर आपके द्वारा समर्पित वांछित प्रतिवेदन अनुउपलब्ध रहने के कारण प्रतिवेदन डाउनलोड नहीं किया जा सका है। उक्त के संबंध में पूर्व में भी दूरभाष के माध्यम से आपको सूचित किया गया था परन्तु आज की तिथि तक आपके द्वारा वांछित प्रतिवेदन समर्पित नही किया गया है। इसी कम में वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चाईबासा के प्रासंगिक पत्र द्वारा पुनः स्मारित किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में अनुरोध है कि मनोहरपुर लौह अयस्क खान परियोजना, चिरिया के खनन पट्‌टो के लीज नवीकरण से संबंधित जानकारी यथाशीघ्र उपलग्ध कराई जाय ताकि वांछित सूचना अग्रेतर कार्रवाई हेतु समर्पित की जा सके।

आपका विश्वासी,

11/11/24

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
सारण्डा वन प्रमण्डल,चाईबासा।

D:\Office\Mining2\Manoharpur For.